राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय , नई दिल्ली

25 वाँ भारत रंग महोत्सव – भारत का अंतर्राष्ट्रीय नाट्य समारोह 2026)

भारतीय समूहों को प्रदान किये जाने वाली सुविधाएं /भुगतान

1.	**समूह –(महोत्सव स्थल के नगरपालिका क्षेत्र से बाहर के समूह)**		
अ)	**भुगतान**		
i	प्रस्तुति शुल्क	-	सामूहिक प्रस्तुति हेतु रु. 1,50,000/- प्रति प्रस्तुति
ii		-	एकल प्रस्तुति हेतु रु. 60,000/- प्रति प्रस्तुति
iii	दैनिक भत्ता	-	नियमानुसार .
iv	यात्रा	-	तृतीय श्रेणी (वातानुकूलित) रेल यात्रा – रियायत दर पर (यदि उपलब्ध है)
v	हवाई यात्रा	-	यह सुविधा केवल समूह के निदेशक/ लीडर को इकोनॉमी क्लास में एपेक्स किराये पर उपलब्ध कराई जाती है (केवल एक व्यक्ति के लिए)।
आ)	प्रकाश एवं ध्वनि	-	राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (रा.ना.वि.) द्वारा सभागार और रा.ना.वि. में उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार प्रदान किया जाएगा। यदि रा.ना.वि. और सभागार में उपलब्ध प्रकाश एवं ध्वनि से समबन्धित सुविधाओं से परे अतिरिक्त लाइट और ध्वनि की आवश्यकता होगी तो समूह को उसका खर्च वहन करना होगा।
इ)	नाटक का सेट	-	समूह द्वारा नाटक का सेट आयोजन स्थल पर लाने के लिए उस पर होने वाले खर्च की स्वीकृति रा.ना.वि. से लेनी आवश्यक होगी एवं समूह द्वारा सेट लाया जा सकता है अथवा आयोजन स्थल पर बनाया जाएगा इसका निर्णय रा. ना.वि. द्वारा ही लिया जाएगा।
ई)	उपयुक्त होटल/गेस्ट हाउस में रहने की व्यवस्था	-	उपलब्धता के अनुसार सिंगल/डबल/ थ्री औक्युपेंसी वाला कमरा साझा आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा । * रा.ना.वि. अधिकतम 2 रातों के लिए ही आवास उपलब्ध कराएगा। चेक-इन और चेक-आउट समय संबंधित होटल के मानदंडों के अनुसार होगा। अतिरिक्त दिनों के लिए ठहरने की व्यवस्था और अन्य खर्चों के लिए समूह जिम्मेदार होगा।
उ)	तकनिकी सुविधाएं एवं मैन पॉवर	-	उपलब्धता के आधार पर रा.ना.वि की सहमति से प्रदान किया जा सकता है
ऊ)	स्थानीय परिवहन - रेलवे स्टेशन/हवाई अड्डे/बस स्टैंड से ठहरने के स्थान तक और वहां से रिहर्सल/प्रदर्शन के लिए थिएटर तक और वापस	-	स्थानीय यातायात की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।
ए)	समूह के सदस्य	-	**मंच पर तथा मंच परे कलाकारों की वास्तविक संख्या के अनुसार (अधिकतम 25)**
2.	**स्थानीय समूह** (महोत्सव स्थल के नगरपालिका क्षेत्र के समूह)		
अ)	**भुगतान**		
i	प्रस्तुति शुल्क	-	सामूहिक प्रस्तुति हेतु रु. 1,50,000/- प्रति प्रस्तुति
ii		-	एकल प्रस्तुति हेतु रु. 60,000/- प्रति प्रस्तुति
आ)	प्रकाश एवं ध्वनि	-	रा.ना.वि. द्वारा सभागार और रा.ना.वि. में उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार प्रदान किया जाएगा। यदि रा.ना.वि. और सभागार में उपलब्ध प्रकाश एवं ध्वनि से समबन्धित सुविधाओं से परे अतिरिक्त लाइट और ध्वनि की आवश्यकता होगी तो समूह को उसका खर्च वहन करना होगा।
इ)	नाटक का सेट	-	समूह द्वारा नाटक का सेट आयोजन स्थल पर लाने के लिए उस पर होने वाले खर्च की स्वीकृति रा.ना.वि. से लेनी आवश्यक होगी एवं समूह द्वारा सेट लाया जा सकता है अथवा आयोजन स्थल पर बनाया जाएगा इसका निर्णय रा. ना.वि. द्वारा ही लिया जाएगा।
ई)	तकनिकी सुविधाएं एवं मैन पॉवर	-	उपलब्धता के आधार पर रा.ना.वि की सहमति से प्रदान किया जा सकता है, बाकी की व्यवस्था समूह द्वारा की जाएगी।
उ)	समूह के सदस्य	-	**मंच पर तथा मंच परे कलाकारों की वास्तविक संख्या के अनुसार (अधिकतम 25)**

कृपया ध्यान दें :

- समूह के पैन कार्ड की प्रति जमा करने पर 10% की दर से टीडीएस काटा जाएगा। यदि समूह के पैन कार्ड की प्रति जमा नहीं की जाती है, तो भुगतान से 20% की दर से टीडीएस काटा जाएगा और ऐसे कर का कोई क्रेडिट उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। पैन नंबर को आधार नंबर से लिंक किया जाना अनिवार्य है ।
- प्रलेखन, अभिलेखागार, शैक्षिक उपयोग, प्रचार, या 25वें भारत रंग महोत्सव, 2026 पर रिपोर्ट, या अपने होमपेज पर उपयोग के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा पूरे नाटक का अथवा नाटक के कुछ भाग का वीडियोटेप और फोटोग्राफ किया जाएगा । नाटक को रा.ना.वि. द्वारा आधिकारिक उपयोग के लिए रिकॉर्ड किया जाएगा और बाद में रा.ना.वि. द्वारा बनाए गए ऑनलाइन डिजिटल संग्रह में भी अपलोड किया जाएगा।

** इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जा सकता है।*

** नोट: राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के पास महोत्सव के कार्यक्रम को बदलने या महोत्सव को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।*

NOTE:

1. चयन समिति द्वारा नाटक की स्क्रीनिंग के बाद नाटक चयनित होने पर ही उपर्युक्त नियम व शर्तें लागू होंगी|
2. अंग्रेजी उपशीर्षक के साथ नाटक का पूरा वीडियो आवश्यक है, 60 मिनट से कम अवधि वाले नाटक पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. पूर्व में आयोजित भारत रंग महोत्सव, 8 वें थिएटर ओलिंपिक एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित अन्य किसी भी समारोह में किये गए नाटको पर पर विचार नहीं किया जायेगा |
4. नाटक के चयन के लिए स्क्रीनिंग प्रक्रिया होगी।
5. आवेदन शुल्क –
    - भारत एवं सार्क देशों के लिए: ₹250/-
    - अन्य देशों के लिए: ₹500/-